ओ मेरे सांवरिया | by Nisha Soni

तेरे लाडले का लाड तू लड़ा दे ओ मेरे सांवरिया
कुछ प्यार तो तू मुझ पर भी लुटा दे ओ मेरे सांवरिया
ओ मेरे सांवरिया ....ओ मेरे सांवरिया
तेरे लाडले का लाड तू लड़ा दे ओ मेरे सांवरिया

तुम तो दाता दया के हो सागर
फिर भी खाली क्यों मेरी ये गागर
मेरी ये गागर
गुलशन मेरा खुशियों से तू सजा दे ओ मेरे सांवरिया
तेरे लाडले का लाड तू लड़ा दे ओ मेरे सांवरिया

अवगुण लाखों हज़ारों कमी हैं
खुद से हूँ नाखुश आँखों में नमी है
आँखों में नमी है
मुझे पापों से मुक्ति तू दिला दे ओ मेरे सांवरिया
तेरे लाडले का लाड तू लड़ा दे ओ मेरे सांवरिया

कैसे चुकाऊं उधार तुम्हारा
कैसे पाऊं प्यार तुम्हारा
प्यार तुम्हारा
रंग प्रेम का मोहित पे तू चढ़ा दे ओ मेरे सांवरिया
तेरे लाडले का लाड तू लड़ा दे ओ मेरे सांवरिया

https://bhaktivandana.com/lyrics/%e0%a4%93-%e0%a4%ae%e0%a5%87%e0%a4%b0%e0%a5%87-%e0%a4%b8%e0%a4%be%e0%a4%82%e0%a4%b5%e0%a4%b0%e0%a4%bf%e0%a4%af%e0%a4%be-by-nisha-soni/